वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 244 गुरुवार 29 दिसम्बर 2022 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## बेरोजगारों ने 15 सूत्री मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



### हमारी मांग नहीं मानी, तो विधानसभा चुनाव में देंगे करारा जवाब

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान के बेरोजगारों ने 15 सूत्री मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया है। बुधवार को बड़ी संख्या में प्रदेशभर के बेरोजगार जयपुर के शहीद स्मारक पर जुटे। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिख नकल गिरोह का भंडाफोड़ कर पेपर लीक प्रकरण की उड़क जांच की मांग की। बेरोजगारों ने कहा कि अगर सरकार ने हमारी मांगें नहीं मानी। तो 9 फरवरी से प्रदेशभर में जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेन यादव ने कहा कि कांग्रेस राज में 10 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। सेकंड ग्रेड भर्ती परीक्षा में भी सिर्फ पहली पारी ही नहीं। बल्कि दूसरी पारी के पेपर को लेकर भी धांधली की शिकायत मिल रही है। ऐसे में पूरी परीक्षा की सीबीआई से जांच होनी चाहिए। इसके साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो। ताकि भविष्य में कोई पेपर लीक करने की हिम्मत ना जुटा सके। अगर सरकार ने इस बार हमारी मांग नहीं मानी। तो आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेसी नेताओं को परेशान होना पड़ेगा।

### राज्य फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक

## राजस्थान हेल्थ केयर के क्षेत्र में अव्वल

### सभी जिला कलेक्टर फ्लैगशिप योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें: मुख्य सचिव



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्य सचिव उषा शर्मा ने सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वे फ्लैगशिप कार्यक्रमों एवं सरकारी योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों को तय समयावधि में हासिल करें। उन्होंने विभिन्न योजनाओं-कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में तेजी लाकर आम लोगों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव बुधवार को शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष से सभी संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर्स के साथ आयोजित बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित कर रहीं थीं। बैठक में विभिन्न राज्य फ्लैगशिप कार्यक्रमों यथा मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजना एवं इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना की समीक्षा एवं इनके तहत पात्र लाभार्थियों का 100 प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने हेतु कार्य योजना पर चर्चा की गई। इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना, राजीव गांधी शहरी ओलम्पिक खेलों के आयोजन की तैयारियां, ई-फाइल के कार्यान्वयन एवं ब्लॉक्स की चिन्हित संकेतकों के आधार पर समीक्षा भी की गई। मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव उषा शर्मा ने निर्देश दिए कि कलेक्टर्स इसकी नियमित रुप से मॉनिटरिंग करें एवं समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण कर दूध की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अब यह राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना है, जिसकी जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने स्वच्छता पर विशेष रुप से फोकस करने के निर्देश दिए।

## जयपुर चौपाटियों पर हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा नववर्ष का स्वागत

### चौपाटियों को खासतौर पर सजाया जाएगा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अनूठे ढंग से मनाया जाएगा नववर्ष

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि मानसरोवर एवं प्रताप नगर में स्थित जयपुर चौपाटियों में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नववर्ष को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। नववर्ष के उपलक्ष्य में दोनों चौपाटियों में आकर्षक लाइटिंग एवं विशेष सजावट भी की जाएगी। आवासन आयुक्त ने बताया कि दोनों चौपाटियों के संचालन का समय प्रातः 10 बजे से रात्रि 11 बजे तक एवं लाइव म्यूजिक बैंड प्रस्तुति की अवधि रात्रि 10 बजे तक रहती है लेकिन 31 दिसम्बर, 2022 को वर्ष का अंतिम दिवस होने से गत वर्ष की भांति नववर्ष के उपलक्ष्य में विशेष साज-सज्जा के साथ जयपुर चौपाटियों में दुकानों का संचालन रात्रि 12.30 बजे तक एवं लाइव बैंड म्यूजिक प्रस्तुति का समय सायं 4 बजे से आरम्भ कर देर रात तक किये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इन दोनों चौपाटियों पर नववर्ष के उपलक्ष्य में लाइव म्यूजिक बैंड एवं दुकानों के समय में परिवर्तन से अधिक से अधिक लोग पूर्व संध्या में चौपाटियों का आनन्द ले सकेंगे और उल्लासपूर्वक नववर्ष का स्वागत कर सकेंगे। आवासन आयुक्त पवन अरोडा की पहल पर विकसित इन दोनों चौपाटियों ने बीते कुछ वर्षों में जयपुरवासियों के साथ ही पर्यटकों के दिल में भी अपनी अलग पहचान कायम की है। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि तमिलनाड मर्केन्टाइल बैंक द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में दोनों चौपाटियों में व्यय की जाने वाली राशि में से प्रत्येक चौपाटी को राशि 50 हजार रुपए प्रायोजित करने की सहमति प्रदान की है।



# अभी नहीं तो कभी नहीं?




**जर्नलिस्ट डा.अखिल बंसल**

वर्तमान समय में जैन समाज अजीब स्थिति से गुजर रहा है। तीर्थराज सम्मेद शिखरजी को लेकर जो हालात बने हुए हैं वह समाज की सेहत के लिए ठीक नहीं हैं। भगवान नेमिनाथ की निर्वाण भूमि सिद्ध क्षेत्र गिरनार जी हमारी अकर्मण्यता के कारण ही हमारे हाथ से लगभग निकल ही चुका है। इसके लिए हम और हमारा समाज ही पूर्ण रूप से दोषी है। मुझे स्मरण आता है जब वहां पंडित नवल किशोर जी शर्मा राज्यपाल थे तब जैन संस्कृति रक्षा मंच ने उसे बचाने हेतु काफी सजगता दिखाई और प्रयास भी किए । मंच के अध्यक्ष श्री मिलाप चंद जी डण्डिया जी के व्यक्तिगत संबंधों के कारण उनकी बात सुनी भी गई और कार्रवाई भी हुई पर तीर्थ क्षेत्र कमेटी को यह नागवार गुजरा। उन्होंने इसे अपनी हेठी समझा उन्हें लगा कि डण्डिया जी क्यों ? बस यहीं से प्रकरण ने नया मोड़ ले लिया और देखते ही देखते बाजी फिसल गई । यदि उस समय डण्डियाजी को सहयोग व साथ दिया होता तो आज बात ही कुछ और होती। अब सांप निकल जाने के बाद लाठी पीटने से कुछ नहीं होने वाला। साहू अशोक जी के समय में शिखर जी के लिए आंदोलन हुआ था। उसके लिए दिल्ली में विशाल रैली निकाली गई जो जैन समाज की शक्ति प्रदर्शन के लिए मील का पत्थर साबित हुई। आज शिखरजी बचाने हेतु जैन समाज की अस्मिता दांव पर लगी हुई है। झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दयाल जी की भाजपा सरकार के समय तीर्थराज सम्मेद शिखर जी को पर्यटन केंद्र बनाए जाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया था। उस प्रस्ताव पर केन्द्र की भाजपा सरकार ने उसे मान्य करते हुए गजट नोटिफिकेशन जारी किया। बीच में बाबूलाल मरांडी जो कि भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री रहे आदिवासियों को भड़का कर तीर्थराज सम्मेद शिखर पर एक संथाल समाज के मंदिर की नींव रखी गई । हम और हमारा समाज सोता रहा और मूक दर्शक बना रहा। देखते ही देखते उधर मांस मदिरा सब का प्रवेश हो गया। गत वर्ष जब नए वर्ष पर विधर्मियों का रेला पवित्र शिखरजी की पहाड़ियों पर जूते पहने रंगरेलियां मनाते देखा गया तब हमारी आंखें खुली। आज की तारीख में पर्वत के प्रमुख मार्गों पर झोपड़ियों के झुंड और उन पर सजी दुकानों की भरमार आम बात हो गई । पहले यह आस्था का केन्द्र था जहां सभी बिना जूते चप्पल के टोर्च की रोशनी में लाठी के सहारे यात्रा करते थे। रास्ते में ना तो कोई वस्तु ग्रहण की जाती थी और ना ही लघुशंका के लिए ही कोई जाता था । यात्रा संपूर्ण होने पर लौटते वक्त गंधर्व नाले पर तीर्थक्षेत्र कमेटी की ओर से सभी को सुस्वादु नाश्ता दिया जाता था। पर यह सब अब बीती बातें हो गईं। हमारे अनेक साथी जूते चप्पल पहनकर यात्रा करने लगे। रास्ते में चाय पानी नाश्ता होने लगा जिससे दुकानदारों को अच्छी खासी कमाई होने लगी। आमोद-प्रमोद सुलभ हो गया और कचरे के ढेर लगने लगे । अब तो हम ऐसे सुविधा भोगी हो गए कि पैदल चलना तो दूर डोलियों व मोटरसाइकिलों का सहारा लेने लगे जिससे उनकी भरमार हो गई। सरकार तो चाहती ही थी कि वहां होटलें खुलें, हेलीपैड बने, मयखाने खुलें ताकि सरकार को टैक्स के जरिए कमाई हो और अफसरों की जेबें भरें। अब पानी सिर से ऊपर निकल चुका है । हालात दिनों दिन बिगड़ते देख समाज जागरुक हुई है। गांव-गांव और नगर-नगर में शिखरजी बचाने समाज उठ खड़ा हुआ है। रैलियों के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन दिए जा रहे हैं और शिखरजी को पर्यटन केन्द्र नहीं पवित्र धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित करने की मांग की जा रही है। यह सब अपने-अपने स्तर पर स्थानीय कमेटियों के माध्यम से हो रहा है।कहने को दिगम्बर जैन महासमिति, दिगम्बर जैन परिषद्, दिगम्बर जैन महासभा व भा. दि.जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी राष्ट्रीय स्तर की संस्थाएं कार्यरत हैं। दिगम्बर व श्वेतांबर की समग्र जैन के एकीकरण हेतु भारत जैन महामण्डल भी बनी थी पर इस प्रकरण की अगुवाई करने कोई आगे नहीं आया। ये संस्थाओं अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही हैं। किसी के दो फाड़ हो गये तो किसी ने ढाई-ढाई साल का कार्यकाल बांट लिया। तेरी कमीज से मेरी कमीज उजली में सभी व्यस्त हैं। शिखर जी आन्दोलन तब तक सफल



नहीं होगा जब तक कोई शीर्षस्थ संगठन बागडोर अपने हाथ में न ले। पूरे प्रकरण में श्वेतांबर समाज सक्रिय दिखाई नहीं दे रहा। आज आवश्यकता है कुशल नेतृत्व की। इसके लिए हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक होना पड़ेगा। साधु संघों की स्थिति भी ठीक नहीं है। सब एक दूसरे की टांग खींचने में व्यस्त हैं। धर्म को धंधा बना लिया। पंचकल्याणक, वेदी प्रतिष्ठा एवं, विधानों को आय का साधन बना लिया गया है। परोपकार के लिए ना तो हास्पिटल खोले जा रहे ना ही शिक्षा के क्षेत्र में कोई जैन विश्वविद्यालय खड़ा कर पाए। पंथों और संतों में बंटी समाज को अब शीर्षस्थ नेतृत्व की आवश्यकता है। अन्यथा आने वाले वक्त में ना मंदिर बचेंगे और न समाज। हम आपस में लड़ते झगड़ते रहेंगे और संस्कार विहीन युवा पीढ़ी को क्या देकर जाएंगे विचारणीय है मेरा सुझाव है समय रहते चेतिए और आगे की सोचिए। हमें सिक्ख समाज के अकाली तख्त की भांति जैन संसद का गठन करना चाहिए इसका मुखिया धर्मस्थल के धर्माधिकारी श्री वीरेन्द्र हेगड़े जैसे कर्मठ व्यक्तित्व को बनाकर एक मार्गदर्शक मण्डल बनाना चाहिए। इस मण्डल में पूर्व वरिष्ठ न्यायाधीश, रिटायर्ड आईएएस, आईपीएस, वरिष्ठ वकील, जैन सिद्धांत के मर्मज्ञ विद्वानों आदि को रखकर जैन ला आदि लागू करना चाहिए। श्री वीरेन्द्र हेगडे निर्विवाद व्यक्तित्व हैं, राजनीतिक दखल भी अच्छा खासा रखते हैं, राज्यसभा के सदस्य हैं। इस विषय पर गंभीरता से सोचें और आगे बढ़ें इसी में भलाई है। देर आए दुरुस्त आए।

आज की तारीख में पर्वत के प्रमुख मार्गों पर झोपड़ियों के झुंड और उन पर सजी दुकानों की भरमार आम बात हो गई । पहले यह आस्था का केन्द्र था जहां सभी बिना जूते चप्पल के टोर्च की रोशनी में लाठी के सहारे यात्रा करते थे। रास्ते में ना तो कोई वस्तु ग्रहण की जाती थी और ना ही लघुशंका के लिए ही कोई जाता था । यात्रा संपूर्ण होने पर लौटते वक्त गंधर्व नाले पर तीर्थक्षेत्र कमेटी की ओर से सभी को सुस्वादु नाश्ता दिया जाता था। पर यह सब अब बीती बातें हो गईं। हमारे अनेक साथी जूते चप्पल पहनकर यात्रा करने लगे। रास्ते में चाय पानी नाश्ता होने लगा जिससे दुकानदारों को अच्छी खासी कमाई होने लगी।

# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न



## अंजुलता जैन धर्मपत्नी महेंद्र जैन कडेसरा की प्रथम पुण्यतिथि पर हुए अनेकों आयोजन

**अशोकनगर. शाबाश इंडिया**

कडेसरा परिवार द्वारा श्रद्धेय अंजुलता जैन धर्मपत्नी महेंद्र जैन कडेसरा (उपाध्यक्ष श्री दिगंबर जैन पंचायत अशोक नगर) की प्रथम पुण्यतिथि पर कडेसरा फाउंडेशन के तत्वावधान में अनेकों कार्यक्रम आयोजित किये गए। मंगलवार को जैन मिलन सेंट्रल, अशोकनगर के सहयोग से दियाधरी में ग्राम वासियो की सेवा के लिए अंजुलता कडेसरा की पुण्य स्मृति में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में डॉ. जयमण्डल यादव, डॉ. हरवीर रघुवंशी, डॉ. राजकुमार शर्मा, डॉ. सुरेंद्र जैन, डॉ. मोनू जैन, डॉ. भरत जैन, डॉ. पारस जैन द्वारा 178 मरीजों का परीक्षण किया गया एवं सभी को निःशुल्क दवाएं दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी एन के शुक्ला अपनी पत्नी श्रीमती संध्या समधिया और जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची बीड़ी उपस्थित थे।दीप प्रज्जवन कर कडेसरा परिवार के वरिष्ठ नरेश जैन ने शिविर का शुभारम्भ किया। स्थानीय स्कूल भवन में वहां पर पदस्थ शिक्षक संतोष जैन और घनश्याम सिंह यादव का विशेष सहयोग रहा। प्रातः पार्श्वनाथ जैन मंदिर जी मे श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा, एवं विधान किया तथा कोचर निवास पर निर्धनों को भोजन वितरित किया गया। इंदौर के ज्योति निराश्रित आश्रम में मोजे, टोपे और खाद्य सामग्री वितरित की गई। इन सभी कार्यक्रमों में प्रमोद छाया, अजीत जैन बीमा वाले, अनिल बाँझल पत्रकार, विनोद भारिल्ल, शिखर बड़कुल, संजय चौधरी, राजेंद्र शर्मा, अशोक त्यागी, लक्ष्मी नारायण गहलोत, वीरेंद्र अथाईखेड़ा,संदीप शर्मा, अनिवेश, अनिकेत आदि ने सहभागिता की ।

# डीमापुर जैन समाज ने शांतिपूर्ण रैली निकाली



**डीमापुर. शाबाश इंडिया।** सम्मेद शिखर तीर्थ को पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में डीमापुर जैन समाज ने दिनांक 21 दिसंबर, 2022 को 1500 जैन लोगों के संग शांतिपूर्ण रैली निकालते हुए स्थानीय डेप्युटी कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि राज्य के मुख्यमंत्री, गवर्नर, गृह मंत्री को हमारा ज्ञापन दें और देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तक हमारी भावनात्मक भावनाओं को समझते हुए, उन तक पहुंचाएं। सूचना रवि सेठी डीमापुर (नागालैंड)

# आचार्य अतिवीर मुनिराज ने किया केशलोंच



**अलवर. शाबाश इंडिया।** श्री चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र, देहरा तिजारा में विराजमान परम पूज्य आचार्य श्री १०८ अतिवीर जी मुनिराज ने आज प्रातःकालीन आयोजित धर्मसभा के मध्य केशलोंच किया। जैन संत की कठिन तपश्चर्या का अभिन्न अंग होता है केशलोंच जिसे प्रत्येक साधु नियमित रूप से 2 से 4 माह के बीच करते हैं। केशलोंच साधु की स्वाधीन चर्या व सिंहवृत्ति का परिचायक होता है । दिगम्बर साधु साधनों में ना रमकर साधना की गहराइयों में डुबकियां लगाते हैं। दिगम्बर साधु अहिंसा महाव्रत का पालन करते हुए अपने सिर व दाढ़ी के बालों को घास की तरह उखाड़ फेंकते हैं । इस अवसर पर भारी संख्या में भक्तों ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया। केशलोंच की पीड़ा के बीच भी आचार्य श्री की मंदमंद मुस्कान देखकर सभी भावविभोर हो उठे व दिगम्बर साधु की तपस्या के आगे नतमस्तक हो गए ।

# समग्र मुर्शिदाबाद जिला जैन समाज का सम्मिलित प्रतिवाद



**मुर्शिदाबाद. शाबाश इंडिया।** 27 दिसम्बर मंगलवार को मुर्शिदाबाद जिला के बरहमपुर में झारखंड व केंद्रीय सरकार के पावन श्री सम्मेद शिखर जी तीर्थ क्षेत्र को पर्यटन स्थल घोषित फैसले के विरोध में महा मौन प्रतिवाद रैली निकाली गया, जिसमें जिला के 9 नगरी व 4 उपनगरी के पुरुष सफेद वस्त्र व महिलाए केशरिया वस्त्र के साथ हाथो में प्रतिवाद पट्टिया तथा मुह पे नीला मास्क पहनकर मौन प्रदर्शन कर रहे थे, रैली अंतमें जिला मुख्यालय में समाप्त हुआ जहा जिला शासक को प्रतिवाद ज्ञापन सौपा गया । ज्ञात हो आचार्य प्रसन्न सागर महाराज की प्रेरणा से जिला के सब गांव 2002 से एक सूत्रमें बंधे हुए है जिसकी एकता आज भी बरकरार है जो पुरे विश्व में एक नजीर है तथा रैली में दिगंबर श्वेताम्बर साथ देकर एकता का परिचय दे रहे थे । संजय कुमार जैन बड़जात्या मुर्शिदाबाद।

# श्री दिगंबर जैन भव्योदय अतिशय क्षेत्र रैवासा में महामस्तकाभिषेक आयोजन 1 जनवरी को



**सीकर. शाबाश इंडिया**

निकटवर्ती ग्राम रैवासा में स्थित श्री दिगंबर जैन भव्योदय अतिशय क्षेत्र में अतिशयकारी भगवान सुमतिनाथ के 1008 कलशों से महामस्तकाभिषेक का कार्यक्रम हर वर्ष की भांति इस बार भी नववर्ष 2023 के आगमन पर होगा। प्रबंध समिति के दीपचंद काला ने बताया कि इस अवसर पर प्रातःकाल भगवान सुमतिनाथ के मस्तकाभिषेक होंगे, जिसके पश्चात संगीतमय ''श्री सुमतिनाथ महामंडल विधान'' का आयोजन होगा। प्रवक्ता विवेक पाटोदी ने बताया कि विधान पुण्यार्जक जैन सोश्यल ग्रुप सीकर होगा। विधानाचार्य पंडित आशीष जैन शास्त्री द्वारा पूजन व समस्त मांगलिक क्रियाएं करवाई जाएगी। आयोजन में सीकर, जयपुर, फतेहपुर, राणोली सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रावकगण सम्मिलित होंगे ।

## वेद ज्ञान

### खुद देवता बन जाना सरल

किसी देवता को रिझाने से ज्यादा खुद देवता बन जाना ज्यादा सरल है। देवता संस्कृत के दिव् धातु से बना है जिसका अर्थ प्रकाश है। सूर्य को प्रथम एवं प्रत्यक्ष देवता इसीलिए कहा गया है कि वह प्रकाश के साथ जड़-चेतन को ऊर्जा देता है। जब खुद के या किसी अन्य के जीवन में अंधेरा दिखाई पड़े तो उसे आत्मबल की ऊर्जा देकर कोई भी व्यक्ति देवता की श्रेणी में खड़ा हो सकता है। मानव जब देवी-देवता की पूजा-आराधना करता है तो इस बात पर जरूर ध्यान दे कि जिस देवी-देवता की पूजा की जा रही है वे क्यों पूजनीय हुए? जिन कार्यों से वे पूजनीय और वंदनीय हुए वही आचरण पूजक को अपने जीवन में अपना कर पूजनीय व्यक्तित्व बनाने का कार्य करना चाहिए। ऐसा नहीं कि हम पूजा तो भगवान विष्णु, भगवान शंकर, मां दुर्गा की करें और आचरण रावण, जालंधर या लंकिनी-डंकिनी का करें। यह तो और घातक है। रावण, कंस या धृतराष्ट्र जैसे प्रतापी राजा तक हर पल डरे-डरे रहते रहे। डर व्यक्ति के शरीर और मन पर घातक असर डालता है। कोई भी व्यक्ति छल-छद्म, धोखा-विश्वासघात, शोषण और उत्पीड़न में लगता है तो एक अज्ञात भय उसमें धीरे-धीरे समाने लगता है। जबकि सदाचार का जीवन जीने से आत्मबल मजबूत होता है। गोस्वामी तुलसीदास ने धीरज, धर्म, मित्र अरू नारि, आपदकल परिखहीं चारि चौपाई के माध्यम से यह संदेश दिया है कि जिंदगी में विपरीत स्थिति या अंधकार उक्त गुणों एवं मनुष्य की मनःस्थितियों की परीक्षा लेते हैं। इस हालत में सबसे पहले धैर्य बनाए रखना चाहिए। इसी के साथ सत्य एवं सदाचार को मजबूती से धारण रखना चाहिए। यदि इन सद्गुणों को छोड़कर आनन-फानन में बिना सोचे-समझे कोई नकारात्मक कदम उठा लेने पर उसके गंभीर परिणाम ही होंगे। फिर तो उसे छुपाने के लिए झूठ-फरेब का आवरण ओढ़ना पड़ता है जो मनुष्य को देवता नहीं दैत्य की श्रेणी में ले जाता है। मन में ग्लानि भी होने लगती है, लेकिन बाह्य स्तर पर आदर्श की बात करनी पड़ती है। जीवन में द्वंद्व उत्पन्न होता है। जो सर्वाधिक कष्टदायी स्थिति होती है। घर-परिवार या समाज में साहस के साथ खड़े होने में हिचक होती है।

## संपादकीय

# परीक्षा के पहले परचा लीक होने की अनेक घटनाएं

किसी परीक्षा से पहले ही प्रश्न-पत्र के बाहर आ जाने का मुख्य कारण संबंधित अधिकारियों की लापरवाही होती है। ऐसी घटना अगर सरकार की नजर में व्यवस्था में चूक का नतीजा है तो इसका सबक यह होना चाहिए कि भविष्य में ऐसी चूक रोकने के लिए पूरी तरह चाक-चौबंद इंतजाम किए जाएं। हैरानी की बात है कि परीक्षा के पहले परचा लीक होने की अनेक घटनाएं सामने आने के बावजूद सरकारें तब तक आंख मूंद कर बैठी रहती हैं, जब तक फिर अगली बार ऐसा ही मामला तूल न पकड़ ले। आमतौर पर हर बार आश्वासन दिया जाता है कि सरकार इसके खिलाफ सख्त कदम उठाएगी। मगर फिर कुछ वक्त बाद वैसी ही घटना सामने आ जाती है। राजस्थान लोक सेवा आयोग की द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा में सामान्य ज्ञान परीक्षा को एहतियात के तौर पर रद्द करना पड़ा, क्योंकि प्रश्न-पत्र पहले ही माफिया के हाथ लग गया था और वे अभ्यर्थियों से मोटी रकम वसूल कर उन्हें नकल कराने की



फिराक में थे। प्रश्न-पत्र के बाहर आ जाने के बाद सरकार के पास इसका तात्कालिक समाधान यह होता है कि संबंधित परीक्षा को रद्द कर दे। राजस्थान में भी यही उपाय अपनाया गया। मगर इससे उन अभ्यर्थियों पर कैसा असर पड़ता होगा, जिन्होंने बहुत मेहनत से परीक्षा की तैयारी की होती है और उसके जरिए अपना भविष्य बनाने की कोशिश में लगे होते हैं? राजस्थान सरकार का कहना सही है कि जिस परीक्षा का पर्चा पहले ही बाहर आ गया, उसे रद्द करना इसलिए जरूरी है कि किसी अन्य युवा के साथ अन्याय न हो और सरकार दोषियों को सख्त सजा दिलाएगी। पर सवाल है कि राजस्थान में परीक्षा के पहले ही प्रश्न-पत्र माफिया और इसका कारोबार करने वाले गिरोहों के हाथ लग जाने का एक सिलसिला-सा चल रहा है और बार-बार ऐसी घटना सामने आने के बावजूद इस समस्या पर काबू पाने में सरकार नाकाम क्यों है! हालत यह है कि उदयपुर में एक बस में बैठ कर कुछ परीक्षार्थी बाहर आए प्रश्न-पत्र को हल कर रहे थे। यानी बेहद संगठित और योजनाबद्ध रूप से इस चोरी को सरेआम अंजाम दिया जा रहा था और सरकारी तंत्र को पहले इसकी भनक तक नहीं लग सकी थी। सही है कि प्रश्न-पत्र बाहर आने की ताजा घटना के संदर्भ में पुलिस ने पचपन लोगों को पकड़ा, लेकिन यह इसका स्थायी समाधान नहीं है। दरअसल, यह ऐसी अनेक घटनाओं की एक कड़ी की तरह है। एक प्रश्न-पत्र का रद्द होना कई बार अभ्यर्थियों के भीतर असुरक्षा और अस्थिरता की भावना पैदा कर सकता है और इसका असर बाकी पत्रों पर भी पड़ सकता है। विडंबना यह है कि राजस्थान में इस तरह की घटना पिछले कुछ सालों के दौरान कई बार हो चुकी है और हर बार सरकार का आश्वासन और दावा यही होता है कि आगे ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री का कहना है कि परचा लीक करने वाले गिरोह पूरे देश में फैले हुए हैं, नतीजतन ऐसी घटनाएं कई राज्यों में होती हैं। सवाल है कि इस तरह की सफाई क्या व्यवस्था में हुई चूक को लेकर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश नहीं है? **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# सकारात्मक संकेत

पिछले हफ्ते भारत और चीन के सेनाधिकारियों की लद्दाख क्षेत्र के कुछ विवादित मसलों पर सकारात्मक माहौल में हुई बातचीत के बाद अब चीनी विदेशमंत्री वांग यी ने उत्साहजनक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि चीन विकास के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार है। सीमावर्ती क्षेत्रों में पिछले दो सालों से बने तनावपूर्ण वातावरण को भी वह समाप्त कर स्थिरता लाने के पक्ष में है। गौरतलब है कि भारत-चीन सीमा विवाद को सुलझाने के लिए गठित तंत्र में वांग यी और भारत के सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल विशेष प्रतिनिधि हैं। यह तंत्र अभी तक निष्क्रिय पड़ा हुआ था। वांग यी के ताजा बयान के बाद अब उसमें कुछ गतिविधियां शुरू होने की उम्मीद बनी है। अब तक दोनों देशों के सेनाधिकारियों के बीच सत्रह दौर की बातचीत हो चुकी है और सभी में चीन का रुख लचीला ही रहा है। इसी का नतीजा है कि लद्दाख क्षेत्र में करीब दो साल तक गंभीर तनाव रहने के बाद भी सेनाओं को अपने-अपने क्षेत्र में वापस लौटाने पर सहमति बन सकी थी। जब विदेशमंत्री के स्तर से सीमावर्ती इलाकों में स्थिरता कायम करने की बात कही गई है, इस पर जल्दी ही कोई नीतिगत फैसला आने की उम्मीद की जा सकती है। भारत से लगी चीन सीमा पर कुछ जगहों को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रहती है, जिसके चलते सामरिक रणनीति के तहत वहां की सेना इस तरफ आ जाती रही है। वरना चीन भी इस बात को अच्छी तरह समझता है कि भारत के साथ लंबे समय तक युद्ध जैसी स्थिति बनाए रख कर उसे कोई लाभ नहीं मिलने वाला। दुनिया के तमाम देश अब अपनी अर्थव्यवस्थाओं के बल पर ताकतवर बनते हैं, न कि हथियारों और सेना के शक्ति प्रदर्शन से। कोरोना महामारी ने दुनिया के तमाम देशों की आर्थिक स्थिति डांवाडोल कर दी है। चीन की अर्थव्यवस्था भी लड़खड़ा गई है। लंबे समय तक बंदी रहने के कारण वहां के काम-धंधों पर बहुत बुरा असर पड़ा है। ऐसे में वह अपने सबसे नजदीकी बड़े बाजार से दुश्मनी मोल लेकर नई चुनौतियों को न्योता नहीं देना चाहेगा। पिछले दिनों तवांग क्षेत्र में चीनी सैनिकों की घुसपैठ के बाद भारत में एक सुर में आवाज उठनी शुरू हो गई थी कि सरकार चीन को सबक सिखाने के लिए कड़े कूटनीतिक कदम उठाए। ये कड़े कदम आयात पर रोक लगाकर घरेलू बाजार को मजबूत बनाने का ही हो सकता है। इस तरह चीन को बहुत बड़ा आघात पहुंच सकता है, जिसके लिए वह कभी तैयार नहीं होगा। अमेरिका के बाद भारत सबसे अधिक आयात चीन से करता है। अमेरिका से चीन के रिश्ते सदा से तनातनी के हैं। अगर भारत चीन से आयात कम करेगा, तो स्वाभाविक ही अमेरिका से बढ़ाएगा। फिर भारत जिस तरह जी-20 में मजबूत होकर उभरा है, उसमें वह आर्थिक महाशक्तियों को चुनौती देने की स्थिति में पहुंच गया है। चीन ने भारत के पड़ोसी देशों- पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल आदि पर अपनी पकड़ मजबूत बना कर भारत को घेरने की भरपूर कोशिश की। मगर उसका कोई खास असर नजर नहीं आया। ऐसे में चीन के लिए सीमा पर नाहक तनाव पैदा कर भारत को अशांत रखने की कोशिश बहुत कारगर साबित होने वाली नहीं है। इसलिए अगर वह दोस्ती का हाथ बढ़ाना चाहता है, तो यह दोनों देशों की तरक्की के लिए बेहतर है।

# डॉ. गौरव जैन और दीपशिखा जैन की आवाज में अस्सी के दशक के गानों का मैशअप जारी

## संगीत गुरु प्रो. सुमन यादव, जाने-माने बॉलीवुड सिंगर रवीन्द्र उपाध्याय, और स्वर कोकिला सीमा मिश्रा ने जारी किया एलबम




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

ए.आर. रहमान के मंच से अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले गायक डॉ. गौरव जैन और गुरूकुल फेम गायिका दीपशिखा जैन की आवाज में तैयार वीडियो एलबम '80 नॉट ऑउट' की मंगलवार को भव्य लॉचिंग की गई। एंटरटेनमेंट पैराडाइज के होटल ब्लू प्लेटो में आयोजित कार्यक्रम में संगीत गुरु प्रो. सुमन यादव, जाने-माने बॉलीवुड सिंगर रवीन्द्र उपाध्याय और स्वर कोकिला सीमा मिश्रा ने इसकी लांचिंग की। लांचिंग के बाद इस वीडियो एलबम की स्क्रीनिंग भी गई और उसके बाद इसे यू-ट्यूब पर अपलोड किया गया। इस एलबम की खासियत ये है कि इसमें 80 के दशक के 12 सुपरहिट गीतों को एकता के सूत्र में पिरोते हुए उनका मैशअप तैयार किया गया है। ये मैशअप 'गीत म्यूजिक' के बैनर पर डॉ. गौरव जैन ने तैयार किया है। इनमें किशोर कुमार, लता मंगेशकर, आशा भौंसले, उदित नारायण, कुमार सानू और बप्पी लाहिड़ी की आवाज में गाए ऐसे गीत हैं जिसे सुनकर कदम खुद-ब-खुद थिरकने लग जाते हैं। गौरव जैन ने बताया कि इस एलबम को युवाओं की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है ताकि वो इन गीतों को माध्यम से नए साल का नृत्यमयी अंदाज में स्वागत कर सकें। इन गीतों में सारा जमाना हसीनों का दीवाना, प्यार करने वाले प्यार करते हैं शान से और मेरे रंग में रंगने वाली परी हो या हो परियों की रानी सहित कुल 12 डांसिंग मूड के गीत हैं। एलबम की कुल अवधि 8.30 मिनट की है। इसकी शूटिंग अजमेर रोड स्थित द पैलेस और लाइट हाउस के भव्य परिवेश में की गई है। **रवीन्द्र उपाध्याय को दी जन्मदिन की बधाई:** 27 दिसंबर को गायक रवीन्द्र उपाध्याय का जन्मदिन भी होने की वजह से वहां मौजूद कलाकारों और संगीत प्रेमियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई भी दी। रवीन्द्र ने कहा कि अपने जन्मदिन के दिन इस सुरीले एलबम को जारी करना मेरे लिए बर्थडे गिफ्ट जैसा है।

# लोकतंत्र के मंदिर में पहुंचे आचार्य सुनील सागर महाराज



## नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने की अगवानी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ प्रदेश में लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था राजस्थान विधान सभा पहुंचे। जनकपुरी जैन समाज के अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया की विधानसभा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने आचार्य श्री की अगवानी की। आचार्य श्री ने विधानसभा परिसर का अवलोकन किया । नेता प्रतिपक्ष कटारिया ने आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन कर उन्हें उद्बोधन देने के लिए निवेदन किया। जिस पर अपने प्रवचन में आचार्य सुनील सागर ने कहा कि मानव सेवा के साथ-साथ पशु पक्षियों की सेवा करना प्रत्येक मानव का कर्तव्य है। जैन धर्म हमें यही सिखाता है कि एक दूसरे के साथ परस्पर सहयोग एवं प्रेम के साथ जीवन जिएं। कभी किसी से ईर्ष्या द्वेष नहीं रखें , नफरत को छोड़ें , सद्भाव कायम करें। आचार्य श्री ने अपने उद्बोधन में नेता प्रतिपक्ष कटारिया के सादगीपूर्ण जीवन को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि भगवान महावीर के अपरिग्रह का सिद्धांत उन पर पूरी तरह लागू होता है। इससे पूर्व नेता प्रतिपक्ष कटारिया ने अपने स्वागत भाषण में आचार्य श्री के चरण लोकतंत्र के मंदिर में पड़ने को शुभ संकेत बताते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि अपने आचरण में धर्म को समाहित कर लें तो निश्चय ही समाज एवं देश का भला हो सकता है। कटारिया ने समाज की ओर से आचार्य श्री के विधानसभा में पधारने की अनुमति देने के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी पी जोशी का आभार व्यक्त किया। विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने मुनि श्री के आगमन को सौभाग्य बताते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान महावीर सत्य और अहिंसा के पुजारी थे, हम सबको उनके बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन जयकुमार बड़जात्या ने किया। इस अवसर पर पदम जैन बिलाला , महावीर बोहरा , कमलेश जैन, लोकेश जैन, रवि जैन, विपिन पाटनी, शांति सागर जैन , नरेश जैन ने गुलाब चंद कटारिया व महावीर प्रसाद शर्मा का तिलक माला दुपट्टा व साल ओढ़ा कर अभिनंदन किया ।सोभाग अजमेरा सौरभ जैन , शीला जैन , विजय कुमार जैन , मोहित जैन, प्रवीण बड़जात्या ,प्रतीक जैन , प्रेम कुमार जैन, अमित जैन ,अनुज जैन , विकास बडजात्या शकुन्तला बिंदायक्या, सुनीता भोंच आदि सहित सैंकड़ों पुरुष एवं महिलाएं मौजूद रही।

# आर्यिका 105 विप्रममति माताजी का पिच्छिका का परिवर्तन संपन्न



**बडनगर. शाबाश इंडिया।** मालवा की धर्म परायण नगरी बड़नगर में गणिनी आर्यिका 105 विशुद्धमति माताजी की परम शिष्या आर्यिका 105 विप्रममति माताजी का पिछिका परिवर्तन समारोह संपन्न हुआ। आयोजन के क्रम में गणिनी आर्यिका 105 विशुद्ध मति माताजी का भव्य भक्तिमय पूजन अष्ट द्रव्यों से किया गया विशेष थाल सजाकर अष्ट द्रव्यों को लाया गया। माता जी की पूजन समाज जन व तीनों महिला मंडलों ने की। श्रीमती महावीर शाह ने अपनी स्वर लहरियां प्रदान की। साथ ही भक्तों ने मिलकर झूमते गाते की। इस अभूतपूर्व आयोजन का संचालन अजीत टोंग्या ने किया इस आयोजन में सभी भक्तों वह मौजूद श्रद्धालु भाव विभोर थे। आयोजन की कड़ी में माताजी ने पाठशाला के बच्चों में अध्ययन कराया गया उनमें से प्रश्न उत्तर पूछ कर उन्हें पुरस्कृत किया। पूज्य माता जी को शास्त्र व वस्त्र भेंट करने का सौभाग्य संजय बिलाला परिवार को प्राप्त हुआ। जैसे ही नवीन पिच्छिका माताजी को प्रदान करने का व पुरानी पिच्छिका प्राप्त करने का सौभाग्य अशोक सुशील गोधा परिवार को प्राप्त हुआ तो वह खुशी से झूम उठे। वह जय जय कार की गूंज सुनाई देने लगी। इस अवसर पर बड़नगर नगर के प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, अशोक जैन मौलाना वाले, नवीन काला, जीतू काला, अशोक शाह, एवं तीनों महिला मंडल की समस्त सदस्य मौजूद रही। अभिषेक जैन लुहाडिया रामगंजमंडी

# एयू जयपुर मेराथन 5 फरवरी को

## नए साल की शुरूआत होगी ताजमहल से हवामहल तक नंगे पांव (बेयरफुट ) रन के साथ

### जनवरी में होंगे रनिंग को प्रमोट करने के 100 से अधिक आयोजन। सात स्थानों पर फ्री ट्रेनिंग कैंप, स्कूल- कोलेज में फिटनेस पार्टी, गार्डन और कॉर्पोरेट में हेल्थ टॉक



जयपुर. शाबाश इंडिया। वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था द्वारा एयू स्माल फाइनेंस बैंक के साथ आयोजित भारत की सबसे बड़ी मेराथन में शुमार एयू जयपुर मेराथन 5 फरवरी को अपने 14 वे संस्करण में प्रवेश करेगी , इस बार इसकी तैयारी के लिए रनिंग और हेल्थी लाइफस्टाइल को प्रमोट करते हुए मेगा सीरिज ऑफ इवेंट किये जायँगे जिसकी शुरुआ त ताजमहल से हवामहल तक बेयरफुट रन के साथ होगी जिसमे अल्ट्रा रनर प्रदीप कुमार यादव 31 दिसम्बर को सुबह 12 बजे ताजमहल आगरा से नंगे पाँव रन शुरू करेंगे और 1 जनवरी को सुबह 7 बजे हवामहल जयपुर पर अपना रन न्यू इयर रेजोलेशन रन के साथ समाप्त करेंगे , इस 30 घंटे में कुल 250 किमी की रन होगी जो की बेयरफुट रनिंग का एक वर्ल्ड रिकॉर्ड होगा, प्रदीप इसके माध्यम से ''नो टू ड्रग्स'' का सन्देश देंगे। जयपुर मेराथन के आयोजक पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया की 2 जनवरी से जयपुर में 7 स्थानों पर फ्री ट्रेनिंग कैंप आयोजित होंगे इस ट्रेनिंग कैम्प में जयपुर रनरस क्लब के जोनल डायरेक्टर्स और ओरिक्स के ट्रेनर नए रनर्स को 5 फरवरी को होने वाली मैराथन के लिए तैयार करेंगे। ये कैम्प इन जगहों पर होंगेः-

विद्याधर नगरः स्टेडियम
वैशाली नगर :- रंगोली प्लाजा , महाराणा प्रताप मार्ग
सी-स्कीम :- सेंट्रल पार्क , पोलो ग्राउंड
मालवीय नगर :- जवाहर सर्किल
श्याम नगर - निर्माण नगर थाने के पीछे पार्क
मानसरोवर - सिटी पार्क
आमेर रोड - जलमहल की पाल

साथ ही जनवरी माह में स्कूल और कॉलेज में फिटनेस पार्टी और जयपुर के अलग अलग गार्डन और कॉर्पोरेट में हेल्थ टॉक सहित 100 से अधिक इवेंट होंगे। जयपुर वर्ल्ड की टॉप 10 इंटरनेशनल क्वालीफाइंग रेस में - जयपुर मेराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा ने बताया की जयपुर को वर्ल्ड की टॉप 10 इंटरनेशनल क्वालीफाइंग रेस में शामिल किया गया है जिससे इंटरनेशनल रनरस बड़ी संख्या में इस बार जयपुर में वर्ल्ड मेजर रेसेज और वर्ल्ड ऐज ग्रुप चैंपियनशिप का हिस्सा बनने का प्रयास करेंगे।

# आचार्य सुनील सागर महाराज के सानिध्य में पिंकसिटी बुलेटिन न्यूज के वार्षिक कलेंडर का हुआ विमोचन



शाबाश इंडिया.अमन जैन कोटखावदा

जयपुर। दुर्गापुरा स्थित दिगंबर जैन मंदिर में प्रवासरत आचार्य श्री सुनील सागर महाराज के सानिध्य में पिंकसिटी बुलेटिन न्यूज चैनल के नववर्ष के कलेंडर का भव्य विमोचन हुआ। इस दौरान पिंकसिटी बुलेटिन न्यूज के सह संपादक अमन जैन कोटखावदा ने बताया कि दुनिया भले ही मोबाइल में सिमट गई हो, लेकिन कैलेंडर का महत्व कभी कम नहीं होगा। छोटे-छोटे अवसरों पर हमें कैलेंडर याद आ ही जाते हैं, इसलिए इस दौर में भी कैलेंडर हर घर और संस्थान में दिखाई देते हैं। पिंकसिटी बुलेटिन न्यूज ने इस साल काफी आकर्षक कैलेंडर का प्रकाशन किया है। बुधवार को इसका विमोचन किया गया। उपस्थित मान्यवरों ने कैलेंडर के कलेवर व रंग-संयोजन की सराहना की। यह कैलेंडर पाठकों को शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा। संपादक युवा पत्रकार अभिषेक जैन ने बताया कि पिंकसिटी बुलेटिन न्यूज द्वारा प्रकाशित किए गए कलेंडर जिसमें 12 माह तीज त्यौहार वह शासकीय छुट्टियों के साथ ही पंचांग व दिन-रात के चौघड़िया एवं शुभ मुहूर्त आदि की जानकारी का समावेश किया गया है। इस दौरान समाजसेवी मनोज सौगाणी, अशोक जैन गुढ़ाचंद्रजी, डॉ हिमांशु जैन, नरेश बाकलीवाल, कमल बाबू जैन, भागचंद पाटनी, अमन जैन कोटखावदा, रेखा पाटनी आदि समाज बंधु उपस्थित रहे ।

# विद्यालय क्रमोन्नत करने के लिए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



श्री महावीरजी. शाबाश इंडिया

समीप की ग्राम पंचायत ईरनिया के गांव जहानावाद के ग्रामीणों ने ब्लाक शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र सिंह मीना को विद्यालय को क्रमोन्नत कराने का शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जहनाबाद में करीब 350 विद्यार्थी अध्ययन रत हैं जबकि आस पास कोई स्कूल नहीं है करीब पांच किलोमीटर दूर इरनिया का माध्यमिक विद्यालय है जो कि काफी दूर हैं। ग्रामीणों ने जहानाबाद के उच्च प्राथमिक विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में पूर्व सरपंच ज्ञान सिंह माली, लाखन सिंह, राजेंद्र, राजू, पप्पू, कैलाश, मुरारी, रामप्रसाद आदि दर्जनों लोग मौजुद थे।

# दुर्गापुरा जैन मंदिर में आचार्य श्री सुनील सागर जी के मंगल प्रवचन हुए

**आचार्य श्री ने मंगल प्रवचन में बताया कि पुण्य पाप आंखों से नहीं दिखता फिर भी वह अपना काम करता है। धन न हो तो खर्च में और ज्ञान न हो तो चर्चा में विराम लगाओ। व्यक्ति अनुशासन में चलेगा तो वह कभी मात नहीं खा सकता।**

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



आचार्य श्री सुनील सागर जी महा मुनिराज के मंगल प्रवचन श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी दुर्गापुरा जयपुर में हुए। धर्मसभा मे चित्र अनावरण दीप प्रज्जवलन कमल बाबू जैन, अशोक कुमार - मनीषा जयंती परिवार अलवर ने किया। आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन का पुण्यार्जन सुनील कुमार माया संगही एवं जिनवाणी भेंट करने का पुण्यार्जन अशोक कुमार - मनीषा जैन जयंती परिवार अलवर ने प्राप्त किया। आचार्य श्री ने मंगल प्रवचन में बताया कि पुण्य पाप आंखों से नहीं दिखता फिर भी वह अपना काम करता है। धन न हो तो खर्च में और ज्ञान न हो तो चर्चा में विराम लगाओ। व्यक्ति अनुशासन में चलेगा तो वह कभी मात नहीं खा सकता। कर्तव्य करें आगे बढ़े।नौकर आवश्यक है अनिवार्य नहीं परन्तु परमात्मा अनिवार्य भी है और आवश्यक भी है। प्रथम देव दर्शन करें। जिन दर्शन से निज दर्शन होता है। जिन गुण सम्पत्ति का ध्यान रखें।

### भारत सरकार जैन समाज की पीड़ा के प्रति गम्भीर नहीं है...

जैन समाज के ऊपर यह एक गम्भीर उपसर्ग है, जिसका समाधान संगठित संघर्ष ही है। हमारे परम आराध्य गुरुजन भी सरकार के इस हटग्राही रवैये से आहत हैं। परमपूज्य चतुर्थ पट्टाचार्य सुनील सागर जी महाराज ने जयपुर में 30 दिसम्बर 2022 को यथा शक्ति सामूहिक उपवास का संदेश दिया। सांयकाल 6 बजे से संगीत के साथ भक्ति भाव से आचार्य श्री की आरती के पश्चात भक्तामर स्तोत्र पाठ रिद्धि सिद्धि मंत्र द्वारा दीप प्रज्जवलन करते हुए किया। श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी ट्रस्ट दुर्गापुरा जयपुर के अध्यक्ष प्रकाश चन्द जैन चांदवाड़ एवं मंत्री राजेन्द्र कुमार जैन काला ने बताया कि दिनांक 29 दिसम्बर गुरुवार को प्रातः 8.30 बजे आचार्य श्री के मंगल प्रवचन होंगे। दोपहर 1बजे से वात्सल्य रत्नाकर आचार्य श्री 108 विमल सागर जी महा मुनिराज का 30 वहां समाधि स्मृति दिवस पर चोसठ ऋद्धि मण्डल पूजा एवं विनयांजलि होगी। सायंकाल 6 बजे से आचार्य श्री की आरती के पश्चात कल्याण मंदिर स्तोत्र पाठ रिद्धि सिद्धि मंत्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जायेगा।

## जयकारों के बीच हुआ मुनि श्री अजितसागर जी महाराज ससंघ का हरीपर्वत जैन मंदिर में मंगल प्रवेश



**आगरा. शाबाश इंडिया**

आज बुधवार को संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक मुनि श्री अजित सागर महाराज एवं ऐलक श्री विवेकानंद महाराज एवं ऐलक श्री दया सागर महाराज ससंघ का आगरा के हरीपर्वत स्थित श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एम.डी जैन इंटर कॉलेज अहिंसा चौक की पावनधरा पर प्रथम बार भव्य मंगल प्रवेश हुआ । मुनिसंघ मंगल विहार छीपीटोला जैन भवन से माध्यम दोपहर 1:00 बजे बैंड बाजों के साथ मोती कटरा के बड़े मंदिर के दर्शन करते हुए तार की गली मंदिर होते हुए श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर राजा की मंडी पहुंचे । राजामंडी जैन मंदिर के दर्शन करने के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा भव्य शोभायात्रा के साथ सेंट जॉन्स चौराहा एवं हरीपर्वत चौराहा होते हुए प्रथम बार हरीपर्वत जैन मंदिर पहुंचे । जहां श्रावक- श्राविकाओं ने मुनिसंघ का पाद प्रक्षालन कर भव्य अगवानी की । मुनिसंघ मंदिर पहुंचने पर सर्वप्रथम मूलनायक भगवान शांतिनाथ की अति प्राचीन प्रतिमा के देव दर्शन किए। इसके बाद सौभाग्यशाली भक्तों ने चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन कर साथ ही आगरा दिगंबर जैन परिषद के प्रतिनिधि मंडल एवं आगरा की समस्त शैलियों के पदाधिकारियों एव शांतिनाथ महिला मंडल ने मुनिसंघ को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुनि श्री अजितसागर जी महाराज के मंगल प्रवचन भी हुए। कार्यक्रम का संचालन मनोज बाकलीवाल ने किया ।

संकलनः अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी

## रोटरी क्लब की अध्यक्ष स्टिक का अनावरण



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया।**

नसीराबाद। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 की उदयपुर में 23 से 25 दिसंबर को संपन्न हुई डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में रोटरी क्लब नसीराबाद की अध्यक्ष स्टिक का अनावरण मेजर जनरल गगनदीपसिंह बक्षी (रिटायर्ड) द्वारा किया गया। रोटरी क्लब अध्यक्ष अमित तापड़िया ने बताया कि रक्षा मामलों के विशेषज्ञ मेजर जनरल बक्षी ने इस अवसर पर रोटरी क्लब नसीराबाद की सामाजिक सेवा की प्रशंसा की। कार्यक्रम में नसीराबाद रोटरी क्लब को पिछले वर्ष के उत्कृष्ट कार्यों के लिए 7 श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अमित तापड़िया, विजय मेहरा,रविंद्र मित्तल,नंदकिशोर गर्ग, नवनीत राठी, जयकिशन भागनानी व अनुराग गढवाल उपस्थित रहे।

## आचार्य सुनील सागर जी के सानिध्य में जैन रसोई सदस्यता अभियान के पोस्टर का विमोचन



**अमन जैन. शाबाश इंडिया।**

**जयपुर।** जैन रसोई सेवा संस्थान द्वारा जयपुर के 25 हॉस्पिटलों में भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। डॉ हिमांशु जैन ने बताया कि संस्था द्वारा जयपुर के हॉस्पिटलों में आचार्य श्री शशांक सागर जी महाराज की प्रेरणा से जैन रसोई का कार्य प्रारंभ किया गया था। संस्था द्वारा जैन समाज के मरीजों और उनके परिजनों को शुद्ध, सात्विक, जैन भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। संस्था द्वारा पिछले 18 महीनो से बिना किसी अवकाश के यह सुविधा समाज बंधुओ तक पहुंचाई जा रही है। मंत्री अशोक जैन गुढ़ाचंद्रजी ने बताया कि आचार्य सुनील सागर जी महाराज ससंघ एवं आचार्य शशांक सागर जी द्वारा श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर, दुगार्पुरा में आज जैन रसोई सेवा संस्थान का सदस्यता अभियान का पोस्टर विमोचन किया गया। इसके बाद संस्था के सभी सदस्यों को आचार्य श्री द्वारा मंगल आशीर्वाद दिया गया। पोस्टर विमोचन में संस्था के संरक्षक- भामाशाह मनोज सोगानी पहाड़ी वालो के साथ अशोक गुढ़ाचंदजी, डॉ हिमांशु जैन, आशीष पाटनी चोमू बाग, अमन जैन कोटखावदा, भागचंद जैन मित्रपुरा, नरेश जैन निमोडिया, अरिहंत विहार जैन मंदिर अध्यक्ष विमल जैन, अभिषेक जैन बाढ़ इत्यादि कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बड़ोदरा में संतों का आध्यात्मिक मिलन



**बड़ोदरा. शाबाश इंडिया**

युगप्रधान शांतिदूत आचार्य श्री महाश्रमणजी के सुशिष्य डॉ मुनिश्री पुलकित कुमारजी ठाणा 2 एवं मुनिश्री मोहजीत कुमार जी ठाणा 3 का अध्यात्मिक मिलन बड़ोदरा तेरापंथ भवन में हुआ। तेरापंथी सभा बड़ोदरा के अध्यक्ष हस्तीमलजी मेहता ने तथा अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के कार्यकारिणी सदस्य दीपक श्रीमाल एवं डॉ मुनिश्री पुलकित कुमारजी ने आगंतुक मुनिश्री मोहजीत कुमारजी आदि मुनि वृंद का स्वागत किया।

# जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ ने जरुरतमंदो को कम्बल आदि वितरित किये



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ द्वारा तीन दिवसीय सामाजिक कार्यों की श्रंखला में 26 से 28 दिसंबर को चाहत वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में भीलवाड़ा एवं बूंदी में जरूरतमंद व्यक्तियों को सेनेटरी नैपकिन कंबल, कपड़े, चप्पल एवं खाना किया गया। ग्रुप प्रेसिडेंट अभय गंगवाल, सेक्रेटरी राहूल जैन ने बताया कि कार्यक्रम के चीफ कॉर्डिनेटर सुनील सोगानी, कॉर्डिनेटर अजय जैन, संजय बोहरा, सुकेश काला थे।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com


# सुबोध महाविद्यालय के प्रत्युष जैन का गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए चयन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

एस एस जैन सुबोध पीजी महाविद्यालय, रामबाग सर्किल, जयपुर के बीसीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थी प्रत्युष जैन का राष्ट्रीय सेवा योजना के गणतंत्र दिवस परेड शिविर, नई दिल्ली के लिए चयन किया गया है।महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर के बी शर्मा ने बताया कि यह शिविर भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रति वर्ष नई दिल्ली में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित किया जाता है प्राचार्य महोदय ने बताया इस शिविर के लिए क्षेत्रीय निदेशालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, राजस्थान से राष्ट्रीय सेवा योजना के 10 स्वयंसेवकों का चयन किया गया है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर के बी शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ रिचा सिंघल, डॉ पवन शर्मा, डॉ विशाल गौतम, डॉ बाबूलाल शर्मा, श्री लोकेश जैन, डॉ राधाकृष्णन ने प्रतीक जैन को चयन होने पर हार्दिक बधाई दी।

# आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के विशेष आवरण व विरूपण मोहर का हुआ अनावरण

### हथकरघा के माध्यम से मिल रहा है रोजगार। भारतीय संस्कृतिक धरोहर के प्रहरी हैं आचार्य श्री:विधायक जज्जी



**शाढ़ौरा. शाबाश इंडिया।** जैन दर्शन के प्रमुख संत परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के दीक्षा के पचास वर्ष के साथ ही आचार्य पद स्वर्ण जयंती पर शाढ़ौरा जैन समाज द्वारा विशेष आवरण एवं विरूपण मोहर का अनावरण समारोह पूर्वक विधायक जजपाल सिंह जज्जी के मुख्य आतिथ्य व नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया गुना डाक विभाग के प्रमुख श्री वास्तव के विशेष आतिथ्य में किया गया। समारोह के प्रारंभ में आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन विधायक जजपाल सिंह जज्जी, नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया, डाक विभाग के संभागीय आयुक्त विनय श्रीवास्तव सहित अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक जजपाल सिंह जज्जी भइया ने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि इतने बड़े संत के रूप में हमें साक्षात भगवंन के दर्शन मिल रहे थे उनकी त्याग और तपस्या का कहना उनके ओरे के एक विदेशी संत आये ने जांचा तो दंग रह गए उनकी मशीन में वह ओरा नहीं आया वे उनको चरणों में नतमस्तक हो कर चले गए ऐसे आचार्य की त्याग तपस्या ने हमारे देश का मान बढ़ाया है । आज डाक तार विभाग उनके स्वर्ण जयंती आचार्य पद वर्ष में विशेष आवरण जारी करते हुए हम हर्षित हो रहें हैं विशेष अतिथि नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि आज जेलों में आचार्य श्री की प्रेरणा से हथकरघा संचालित हो रहा है जिससे कैदियों के परिवार पल रहे हैं ये है राष्ट्रीय सोच आचार्य श्री का उन्होंने जिस संकल्पना के साथ अहिंसक वस्त्रो की प्रेरणा के साथ ग्रामीण जनों को प्रशिक्षण के साथ रोजगार व भारतीय संस्कारों की शिक्षा दी है वह अनुठी है । समारोह के प्रारंभ में मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा आचार्य श्री की प्रेरणा देशभर में गौशालाओं पाठशालाओं शुद्ध औषधि के लिए चिकित्सा के लिए प्रेरित किया जा रहा है शिक्षाऔ स्वास्थ्य रोजगार जो सरकार के कार्य है इन पर भी एक संत प्रेरणा दें रहें हैं डॉ भरत जैन ने कहा कि आचार्य ने वेटियो की शिक्षा के लिए प्रतिभा स्थली जैसे उच्च श्रेणी के शिक्षण संस्थानों के साथ हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने लिए कार्य किया है जो सभी के लिए प्रेरणा दाई है।